क्रम सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	चावल		गेहूं		जोड़	
		आबंटन	उठान	आबंटन	उठान	आबंटन	उठान
30.	दमन एवं दीव	0.24	0.12	0.12	0.15	0.36	0.27
31.	लक्षद्वीप	0.12	0.00	0.00	0.00	0.12	0.00
32.	पाण्डिचेरी	7.80	0.00	0.00	0.00	7.80	0.00
	जोड़	3978.67	2775.14	3137.84	2138.93	7116.51	4914.08

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में वेतनमानों हेतु उच्च स्तरीय समिति

*158. **श्री शि.पू. सोरेन:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बख्शी समिति की रिपोर्ट के अनुसरण में, सरकार ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के वरिष्ठ डाक्टरों के नए वेतनमानों के निर्धारण हेतु एक विशेष उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति को सौंपे गए कार्यों और इसके सदस्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) यह समिति अपनी रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत कर देगी;

(घ) क्या सरकार "एम्स" के अन्य चिकित्सा एवं गैर-चिकित्सा कर्मचारियों के लिए नए वेतनमान निर्धारित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री दलित एजिलमलाई): (क) से (ग) सरकार ने के०के० बक्शी समिति द्वारा की गई सिफारिशों सहित सभी संबद्ध पहलुओं पर विचार करने के बाद अपने दिनांक 21 जनवरी, 1999 के आदेशों के द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली/स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में विभिन्न संकाय पदों के वेतनमानों और भत्तों के संशोधन के लिए अपनी स्वीकृति सूचित की। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के संकाय संघ ने वेतनमानों और भत्तों में संशोधन को अस्वीकार कर दिया और वे अपर प्रोफेसर के वेतनमान में संशोधन के साथ के०के० बक्शी समिति द्वारा की गई सिफारिशों को पूर्ण रूप से कार्यान्वित करने की मांग करते हुए 8 फरवरी, 1999 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सरकार ने यह मामला मंत्रियों के एक समूह को भेजा। मंत्रियों के समूह ने यह समझते हुए कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के संकाय संघ की वेतनमान के पुनर्निधारण संबंधी मांगें अन्य सदृश संस्थाओं के प्रति स्पर्धात्मक दावों को देखते हुए व्यवहार्य नहीं थीं, दिनांक 22 फरवरी, 1999 को हुई बैठक में निर्णय किया कि वित्त मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के संकाय के वेतनमानों में ऐसा और सुधार करने की संभावना पर विचार करेंगे जिससे प्रतिस्पर्धात्मक दावों से बचा जा सकेगा बशर्ते संकाय संघ हड़ताल को समाप्त करने के लिए सहमत हो जाए ताकि मुद्दों के एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाधान किया जा सके। संकाय संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है और 25.2.99 को ड्यूटी पर आ गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1999 को सिविल रिट याचिका पर 3.3.99 को घोषित किए गए अपने अंतिम में आदेश द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ सरकार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के संकाय को दिए जाने वाले वेतन और भत्तों पर एक अंतिम निर्णय लेने हेतु 30.6.99 तक का समय दिया है।

(घ) और (ङ) संस्थान के गैर-संकाय स्टाफ को पांचवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार पहले ही प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) वेतनमान में दिए गए हैं।

लीबिया से यूरिया का आयात

*159. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार दीर्घकालिक अनुबंध के अन्तर्गत लीबिया से यूरिया का आयात करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो क्या दोनों देशों के बीच कोई समझौता हुआ है;

(ग) वर्ष 1997-98 के दौरान कुल कितने यूरिया का आयात किया गया;

(घ) लीबिया द्वारा पेशकश किया गया यूरिया का मूल्य क्या है; और

(ङ) यूरिया की आपूर्ति हेतु किन-किन देशों के साथ अनुबंध किये गए हैं?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) वर्ष 1997-98 में सरकारी खाते में 23.89 लाख मी० टन यूरिया का आयात किया गया था। इसमें नेशनल आयल कार्पोरेशन, लीबिया से यूरिया आयात की 0.81 लाख मी० टन मात्रा शामिल है जिसकी आपूर्ति एमएमटीसी लि० के टेंडर पर की गई थी। खरीद मूल्य एफओबी आधार पर 145 अमरीकी डालर प्रति मी० टन था।

(ङ) देशों के नाम तथा उनमें से प्रत्येक वर्ष 1997-98 के दौरान किये गये यूरिया के आयात के ब्यौरे नीचे विवरण में दिये गये हैं।

विवरण

1997-98 में यूरिया के देशवार आयात

(आंकड़े लाख मी० टनों में)

देश	1997-98
सीआईएस	9.60
लीबिया	0.81
जर्मनी	0.29
बंगला देश	0.26
इंडोनेशिया	0.35
पाकिस्तान	—
बुल्गारिया	—
यूगोस्लाविया	—
रोमानिया	1.36
क्रोशिया	—
कुवैत	3.94
कतार	3.01
सउदी अरब	2.15
यू०ए०ई०	2.12
ईरान	—
योग:	23.89

Decline in production of fertilizer

*160. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether production of urea and other fertilizers in the country is likely to decline this year;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the details of efforts made by Government to increase production of urea in consonance with its demand?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) and (b) The actual production of urea and other fertilizers in the country during April 1998 — January 1999 as compared to the corresponding period in the pervious year is given below:—

Name of Product	Production (LMT)		% age growth
	1998-99 (Apr.-Jan.)	1997-98 (Apr.-Jan.)	
Urea	162.46	152.59	6.5
A/S	4.49	4.58	(−) 2.0
CAN	3.88	3.80	2.1
A/C	0.50	0.94	(−) 46.8
DAP	33.19	30.80	7.8